an>

Title: Need to reduce custom duty on ships.

श्री नारणभाई काछड़िया (अमरेली) : महोदया, मैं आपके माध्यम से, गुजरात प्रदेश में, भावनगर डिस्ट्रिक्ट के अलंग स्थान पर, शिप-रिसाइक्लिंग के कारोबार के बारे में, सदन को बताना चाहता हूं। वहां आंध्र प्रदेश, उड़ीसा, उत्तर प्रदेश और बिहार के हजारों लोग रोजगार प्राप्त करते हैं। आज वह उद्योग मरने के कगार पर खड़ा है। बाहर के देशों से जो शिप आती हैं, उन्हें तोड़ा जाता है, उन्हें रैनोवेट भी किया जाता है। कस्टम डयुटी ज्यादा होने के कारण, हमारे देश में पाकिस्तान, बंग्लादेश और चीन से शिप कम मात्रा में आ रही हैं, जिसके कारण वहां के लोगों को रोजगार नहीं मिल पा रहा है।

अतः आपके माध्यम से, मैं सरकार से कहना चाहता हूं कि अगर दूसरे देशों की तरह, हमारे देश में, कस्टम डयूटी कम हो जाए, तो वहां यह उद्योग बढ़ेगा और लोगों को ज्यादा रोजगार मिलेगा। अतः इस ओर सरकार ध्यान दे।